प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 16.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में हुई बैठक में बस्तर संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की–उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

2– कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो इनामी माओवादी मारे गए।

3– आकर्षि कश्यप ने केरल में खेले गए ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर में तीन स्वर्ण पदक जीते।

4– मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष भी देश में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होगी–राज्य में कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने और अंधड़ चलने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>मुख्यमंत्री–बस्तर</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग में जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ और हर हितग्राही तक शासन की पहुंच होना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज बस्तर कलेक्टोरेट में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने संभाग में आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का मंत्र है, हर घर में उजाला, हर हाथ में रोजगार और हर दिल में विश्वास। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के सहयोग से पूरी ताकत और समर्पण के साथ काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नये शिक्षा सत्र को देखते हुए जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया को समयबद्ध और सरल तरीके से पूरा करने निर्देश दिए। श्री साय ने गर्मी और बारिश के मौसम में सीएससी स्तर और स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग नीति में अनुसूचित जाति, महिलाओं और स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वावलंबन से जोड़ने के लिए कई तरह के प्रावधान किए गए हैं।

**<u>उपमुख्यमंत्री–श्रद्धांजलि</u>**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर प्रवास के दौरान वर्ष दो हजार छह और दो हजार आठ में आज के दिन हुई माओवादी घटनाओं में शहीद जवानों और निर्दोष आदिवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उपमुख्यमंत्री ने सोलह अप्रैल के उस दिन को प्रदेश के इतिहास में एक अमानवीय और दुखद घटना के रूप में दर्ज होना बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीदों के परिजनों और पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। नक्सल हिंसा के खिलाफ सरकार की यह लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी और एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण छत्तीसगढ़ का निर्माण ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार छह में सोलह अप्रैल के दिन बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र स्थित मुरकीपार पुलिस पोस्ट पर माओवादियों के हमले में ग्यारह जवान शहीद हो गए थे। वहीं, वर्ष दो हजार आठ में भी सोलह अप्रैल के दिन ही माओवादियों ने मुखबिरी के संदेह में छह ग्रामीणों की हत्या कर दी थी।

## माओवादी मुठभेड़

कोंडागांव–नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित किलम–बरगुम क्षेत्र के जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो इनामी माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की शिनाख्त माओवादी कमांडर हलदर और रामे के रूप में हुई है। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपये और दूसरे पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। घटनास्थल से एक एके–फोर्टी सेवन रायफल और अन्य हथियारों के अलावा विस्फोटक तथा माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने आकाशवाणी समाचार को इस मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री–अभिनंदन समारोह

आज रायपुर में राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा और राज्य साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सार्वजनिक वितरण व्यवस्था देश में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि जन–जन तक खाद्यान्न की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित करना इस निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

वहीं, स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नव–नियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के कार्यभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में करीब चार सौ पैंतालीस करोड़ रूपये की लागत से नवा रायपुर और राजनांदगांव में चार नये स्मार्ट औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रूपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है।

## हाईकोर्ट–बाघ/हाथी मौत

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रदेश में बाघ और हाथियों की मौत के मामले में आज सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान वन विभाग की ओर से पीसीसीएफ ने शासन के अधिवक्ता के माध्यम से शपथ पत्र पेश किया। उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि बीते सत्रह मार्च को हुई उच्च स्तरीय बैठक में बाघों की सुरक्षा के संबंध में विभिन्न कदम उठाए जाने पर चर्चा की गई थी। इसके बाद डिवीजन बेंच ने इस मामले को निगरानी में रखते हुए अगली सुनवाई चौदह जुलाई को रखी है।

गौरतलब है कि बीते इक्कीस नवंबर को उच्च न्यायालय ने वन्यजीवों की मौत और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मामले में सुनवाई करते हुए वन और पर्यावरण संरक्षण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को दस दिनों के भीतर व्यक्तिगत शपथ पत्र देकर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देने को कहा था।

## राज्यपाल–रेडक्रॉस सोसायटी

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के नव–निर्वाचित अध्यक्ष टोमन साहू की अगुवाई में पदाधिकारियों ने भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारियों को विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को इस बीमारी से मुक्त करने के लिए रेडक्रॉस को अहम भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की भूमिका को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करना होगा। श्री डेका ने विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

## नगरीय प्रशासन विभाग–राशि

प्रदेश के शहरी इलाकों में स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने संतावन करोड़ सत्तर लाख रुपए जारी किए हैं। इनमें से बयालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि से एक सौ चवालीस नगरीय निकायों में स्वच्छ और सर्वसुविधायुक्त शौचालय बनाए जाएंगे। वहीं, स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव और संधारण पर पंद्रह करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी।

## वेव्स

भारत सरकार द्वारा आगामी एक मई से मुंबई में पहले विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय इस सम्मेलन को मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। इस सम्मेलन के आयोजन से पहले विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

इसके तहत पिछले शनिवार को हैदराबाद शहर में माइंडस्पेस सोशल में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप मीटअप का आयोजन किया गया। इसके बाद आयोजकों ने उनतीस सबसे प्रतिभाशाली कॉस्प्लेर्स के नाम घोषित कर दिए हैं, जिन्होंने इस चैंपियनशिप के अंतिम चरण में अपनी जगह बनाई है। ये प्रतिभाएं वेव्स के दौरान क्रिएटोस्फीयर में अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगी।

## आकर्षि कश्यप–स्वर्ण पदक

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी और दुर्ग जिले में पदस्थ प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक आकर्षि कश्यप ने केरल में खेले गए ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच्चि के राजीव गांधी रीजनल इंडोर स्टेडियम में कल इस स्पर्धा का समापन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न प्रदेशों और अर्द्ध सैनिक बलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## मानसून–पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक इस वर्ष भी देश में मानसून के दौरान सामान्य से ज्यादा बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। आगामी जून से सितंबर महीने के बीच एक सौ पांच प्रतिशत बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक छियानवे से एक सौ चार प्रतिशत बारिश को सामान्य माना जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मानसून के लिए दो बार पूर्वानुमान जारी किया जाता है। इसके बाद आगामी मई महीने के अंतिम सप्ताह में एक और पूर्वानुमान जारी किया जाएगा।

## मौसम

इस बीच, बीते दो दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर मौसम के मिजाज में बदलाव आया है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। बलौदाबाजार जिले के कसडोल में आज ओले गिरे। वहीं, कुछ अन्य जिलों में भी बारिश होने के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस समय सिक्किम से उत्तर–ओडिशा तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, मध्यप्रदेश और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण जारी है। इसके असर से कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी भी दी गई है। इस दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के शासकीय कला और वाणिज्य महिला महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रोफेसर विजय कुमार गोयल को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का अध्यक्ष और सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉक्टर व्यास दुबे को इस आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल सत्रह अप्रैल को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी।

– बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में जंगल में महुआ बीनने गई एक महिला की हाथी के हमले से मौत हो गई।

– कोरबा जिले में पेंड्रा–कटघोरा मुख्य मार्ग पर स्थित कारीमाठी गांव के पास बीती रात तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से उसमें आग लग गई। इस हादसे में कार चालक की जलने से मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>